विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा० सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-04 का उत्तर ।

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 04 | (क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड कसमण्डा के कमालापुर से हमीरपुर, नवागॉव-लालपुर घाट सुर्जपुर की पुलिया होते हुये मछरेहटा तक लगभग 22 किमी0 सम्पर्क मार्ग जो कि पवित्र तीर्थस्थल नैमिषारण्य को जोड़ता है अत्यधिक सकरा है, जिससे अमावस्या को व अन्य दिनों में भी भक्तगण एवं ग्रामीण काफी संख्या में निकलते है? | जनपद सीतापुर के विकास खण्ड-कसमण्डा/मछरेहटा के अन्तर्गत प्रश्नगत मार्ग के संरेखण की कुल लम्बाई 19.98 किमी0 है। इस संरेखण पर पड़ने वाले, कमलापुर से हमीरपुर सम्पर्क मार्ग की लम्बाई 4.13 किमी0, नवागॉव-लालपुर सरायन नदी सेतु मार्ग की लम्बाई 2.75 किमी0, लालपुर कुदरौली सम्पर्क मार्ग की लम्बाई 1.25 किमी0 है। उपरोक्त सभी मार्ग ग्रामीण श्रेणी के है एवं लो0नि0वि0 के स्वामित्व में है। ग्रामीण मार्गों के चौड़ीकरण हेतु लो0नि0वि0 में कोई नीति प्रचलित नहीं है। इसी संरेखण पर आगे पड़ने वाले मार्ग जिसमें जिला पंचायत के स्वामित्व वाली सी0सी0 रोड की लम्बाई 0.75 किमी0 है एवं अकलदला सम्पर्क मार्ग की लम्बाई 4.70 किमी0 है जो ग्रामीण श्रेणी मार्ग है, यह मार्ग पी0एम0जी0एस0वाई0 के अधीन है। इस प्रकार मार्ग के संरेखण पर स्थित उपरोक्त मार्गों पर लो0नि0वि0 द्वारा कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है। इस संरेखण का अंतिम भाग मछरेहटा-जलालपुर मार्ग (अन्य जिला मार्ग, कुल लम्बाई 16.40 किमी0) का आंशिक भाग है, जिसकी लम्बाई 6.40 किमी0 एवं चौड़ाई 3.00 मी0 है। इस मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की स्वीकृति वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है। |

| | |
|---|---|
| (ख) क्या उक्त मार्ग सकरा होने से ग्रामीणों और भक्तगणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु सड़क का निर्माण करायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि हाँ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड़) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

बृजेश सिंह
राज्य मंत्री